तेरे खाटू के मंदिर में

तेरे खाटू के मंदिर में,
उड़ रही फागुन की रे बहार ,
लगी है भक्ता भीड अपार ,
बरस रही अमृत की बौछार,
तेरे खाटू के मंदिर में............

कोई लेके निशान रे आवे,
कोई जय जयकार लगावे,
कोई आवे पेट पसार,
तेरे खाटु के मंदिर मे............

कोई रंग गुलाल उड़ावे,
कोई भर पिचकारी लावे,
उड़ रही इत्र की फुहार,
तेरे खाटू के मंदिर में............

कोई हार फुलो का लावे,
कोई चंदन थारे लगावे,
कोई निरखे है सिंगार,
तेरी खाटू के मंदिर में........

कोई खीर चूरमा लावे,
कोई छप्पन भोग लगावे,
कोई आंसू भेंट चढ़ाए,
तेरे खाटू के मंदिर में...........

तू बाबा शीश का दानी,
तेरी महिमा सब ने मानी,
देवता देख रहे हर साय,
तेरे खाटू के मंदिर में..........

दीपक संग टोनी आया,
जो मांगा तुझसे पाया,
भगत का होता बेड़ा पार,
तेरी खाटू के मंदिर..........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21044/title/tere-khatu-ke-mandir-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |